हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
23 फ़रवरी 2025, समय 1810

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि, युवाओं की भागीदारी से अंतरिक्ष और कृत्रिम मेधा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में नई क्रांति आ रही है।
- श्री मोदी ने अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की टीम में नारी शक्ति की बढ़ रही भागीदारी पर संतोष व्यक्त किया ।
- प्रधानमंत्री ने "मन की बात" कार्यक्रम में मोटापे को काबू करने पर जोर दिया और कहा कि खानपान की आदतों में बदलाव कर स्वस्थ रहा जा सकता है।
- भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने केंद्रीय बजट को सर्व समावेशी एवं हर वर्ग का हितैषी बताया।

***************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आकाशवाणी पर अपने मन की बात कार्यक्रम में कहा कि कृत्रिम मेधा के क्षेत्र में भारत तेजी से अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। श्री मोदी ने कहा कि भारत के लोग नई प्रौद्योगिकी अपनाने में किसी से पीछे नहीं हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं की भागीदारी से अंतरिक्ष और कृत्रिम मेधा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में नई क्रांति आ रही है। उन्होंने इस बात पर गर्व व्यक्त किया कि देश ने पिछले महीने इसरो के जरिए अपना 100वां रॉकेट छोड़ा है। श्री मोदी ने कहा कि इसरो की सफलताओं का दायरा अत्यंत व्यापक है।

प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की टीम में नारी शक्ति की भागीदारी बढ़ने पर भी संतोष व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने इस महीने की 28 तारीख को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाए जाने की बात करते हुए श्रोताओं को सुझाव दिया---

श्री मोदी ने आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाए जाने की भी चर्चा की। उन्होंने देवी महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभी विद्याएं देवी के ही विभिन्न स्वरूपों की अभिव्यक्ति हैं और जगत की समस्त नारी शक्ति में ही उनका प्रतिरूप है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार महिला दिवस पर नारी शक्ति को समर्पित एक पहल की जा रही है।

प्रधानमंत्री ने आज मन की बात कार्यक्रम में मोटापे को काबू करने पर भी जोर दिया। उन्होंने मोटापे की चुनौती से निपटने के गुर देते हुए कहा -

श्री मोदी ने कहा कि लोग अपने खान-पान की आदतों में कुछ बदलाव कर स्वस्थ रह सकते हैं और बिमारियों से बच सकते हैं। उन्होंने मोटापे को लेकर मुक्केबाज निखत जरीन और प्रख्यात डॉक्टर देवी शेट्टी और ओलिम्पिक पदक विजेता नीरज चौपड़ा के संदेश साझा किये।

प्रधानमंत्री ने हाल ही में उत्तराखंड में सम्पन्न हुई राष्ट्रीय खेलों का जिक्र भी किया। खेलों इंडिया अभियान  के महत्व को उजागर करते हुए श्री मोदी ने कहा–

आज मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने भारत के जीवंत वनस्पति और जीव - जंतुओं का भी उल्लेख किया।

श्री मोदी ने कहा कि कई पशुओं को देवी- देवताओं का वाहन भी माना जाता है और कई जगह पूजा भी की जाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का हर भाग, प्रकृति के प्रति न केवल संवेदनशील है बल्कि वह वन्य जीवन के संरक्षण के प्रति वचनबद्ध भी है। अपने संबोधन के अंत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बोर्ड की परीक्षा में भाग ले रहे परीक्षा योद्धाओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे बिना तनाव लिए सकारात्मक भावना के साथ अपनी परीक्षाएं दें।

*************************************************************************
प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं। यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।
*************************************************************************

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने केन्द्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को सर्व समावेशी व हर वर्ग का हितैषी बताया है। आज हिसार में केन्द्रीय बजट 2025-

26 पर उद्योगपति, व्यापारी व प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित करने आए श्री भाटिया ने एक पत्रकार वार्ता में कहा -

उन्होंने कहा कि बजट में जहां हर वर्ग के लिए प्रावधान किए गए हैं वहीं देश की विकास दर में वृद्धि का ख्याल भी रखा गया है।

**************************************************************************
आज जिला जींद के ऐतिहासिक गांव पांडू-पिंडारा तीर्थ पर निरंकारी मिशन के स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान में लगी एक स्वयंसेविका ने बताया -

इस अवसर पर मुख्य अतिथि, विधानसभा उपाध्यक्ष डॉक्टर कृष्ण मिड्ढा ने बाबा हरदेव के जन्मदिवस पर इस जन सेवा कार्य के लिए मिशन के लोगों की सराहना की। मीडिया से बातचीत में उन्होंने निकाय चुनाव में जीत का दावा किया और मनीषा रंधावा के बी जी पी में आने के सवाल पर कहा -

आज मिशन के स्वयंसेवकों ने प्रोजेक्ट अमृत के तहत पंचकूला में घग्गर नदी के तट पर स्वच्छता अभियान चलाया।
**************************************************************************